आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

हर घर तिरंगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि हर घर तिरंगा को पूरे भारत में अभूतपूर्व लोकप्रियता मिल रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लोगों को एकजुट करने वाली गहरी देशभक्ति की भावना और तिरंगे पर उनके अटूट गर्व को दर्शाता है। उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा डॉट कॉम पोर्टल पर तस्वीरें और सेल्फी साझा करते रहने का आग्रह किया।

तिरंगा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में आज से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा। भाजपा द्वारा एक सौ 71 संगठनात्मक मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा।

*भाजपा प्रदेश भर में 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा 10 अगस्त को भाजपा संगठन आत्मक 171 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन करेगी 12 व 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसी तरह से 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस का आयोजन किया जाएगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहराया जाएगा इसी दिन वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे*

मणिमहेश

चंबा ज़िले में विश्वविख्यात मणिमहेश यात्रा 16 अगस्त से शुरू हो रही है। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रशासन ने इस पवित्र धार्मिक यात्रा के लिए सभी प्रबंध पूरे कर लिए हैं। उन्होंने यात्रा के इच्छुक लोगों के लिए मौसम की पूर्व जानकारी हासिल करने के बाद ही यात्रा करने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि हड़सर से मणिमहेश डल झील तक 13 किलोमीटर का पैदल ट्रैक काफी कठिन है और बुजुर्गों व बच्चों को यात्रा पर लाने से परहेज करना चाहिए।

मौसम

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है और कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज धुंध के बीच घने बादल छाए हुए है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन व सिरमौर जिला में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। 11 से 14 अगस्त तक राज्य मॉनसून की वर्षा में वृद्धि देखने को मिलेगी। इस अवधि में राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है ।

*––डिस्पैच–––– हिमाचल प्रदेश में पहली जून से अब तक मॉनसून के दौरान सामान्य से 13 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति और कांगड़ा ज़िले को छोड़कर अन्य सभी ज़िलो में जमकर मेघ बरसे हैं और ऊना ज़िले में एक सौ 38 फीसदी ज्यादा वर्षा हुई है। प्रदेशभर में वर्षा से जुड़ी दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर दो सौ 19 हो गई है, जबकि 37 लोग लापता हैं। इसके अलावा 3 सौ 62 सड़कें और 6 सौ 13 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। पिछले 24 घंटों में बिलासपुर ज़िले के श्री नैना देवी में सर्वाधिक एक सौ 10*

*मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। अगले चार– पांच दिन भी मॉनसून के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे क्योंकि मौसम विभाग ने 15 अगस्त तक राज्य में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।*

<u>और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........</u>

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है—कई इलाकों में भारी बारिश, मंडी में व्यक्ति बहा, पेट्रोल पंप ध्वस्त, कल से ऑरेंज अलर्ट। पंजाब केसरी का शीर्षक है—चंडीगढ़—मनाली फोरलेन खुला, आज 8 जिलों में भारी बारिश का यैलो अलर्ट। दैनिक भास्कर के शब्द हैं—भूस्खलन से खतरे में कुल्लू के 6 गांव, 37 सड़कें बहाल, 3 सौ 65 अब भी बंद।

दिव्य हिमाचल लिखता है—बंद होगा स्कूली बच्चों का मोबाइल फोन– बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग का दिए निर्देश। हिमाचल दस्तक का कहना है—75 से कम छात्र संख्या वाले सात डिग्री कॉलेज किए बंद।

————————